## दिनांक 20.01.2026 को खरीफ विपणन मौसम 2025–26 में धान अधिप्राप्ति योजना के क्रियान्वयन संबंधित बैठक की कार्यवाही:–

खरीफ विपणन मौसम 2025–26 में धान अधिप्राप्ति योजना के क्रियान्वयन से संबंधित बैठक विभागीय सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 20.01.2026 को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में निम्न पदाधिकारी सम्मिलित रहें :–

(i) सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड।

(ii) प्रबंध निदेशक, झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड, राँची।

(iii) संयुक्त सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड।

(iv) वरिष्ठ निदेशक (आई०टी०) एन०आई०, राँची।

(v) सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, झारखण्ड।

*कार्यवाही :–*

सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्रवाई प्रारंभ की गई।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गई :–

1. **लक्ष्य के विरूद्ध धान अधिप्राप्ति की समीक्षा** :– खरीफ विपणन मौसम 2025–26 हेतु धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य 06 लाख मे० टन रखा गया है जिसके विरूद्ध दिनांक 20.01.2026 तक निम्नानुसार धान अधिप्राप्ति किया गया है :–

| Sl No. | District Name | Target | Paddy Procured as on 20.01.2026 | % Achievement as on 20.01.2026 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | KODERMA | 100000 | 53226.58 | 53.23 |
| 2 | PALAMU | 200000 | 98365 | 49.18 |
| 3 | GARHWA | 200000 | 92952.94 | 46.48 |
| 4 | CHATRA | 150000 | 60365.32 | 40.24 |
| 5 | RAMGARH | 200000 | 77144.64 | 38.57 |
| 6 | RANCHI | 350000 | 128231.61 | 36.64 |
| 7 | HAZARIBAGH | 350000 | 120061.99 | 34.3 |
| 8 | JAMTARA | 200000 | 66020.92 | 33.01 |
| 9 | LATEHAR | 200000 | 62777.64 | 31.39 |
| 10 | BOKARO | 200000 | 61293.52 | 30.65 |
| 11 | DEOGHAR | 300000 | 75415.05 | 25.14 |
| 12 | GIRIDIH | 350000 | 81352.7 | 23.24 |
| 13 | GODDA | 200000 | 45744.23 | 22.87 |
| 14 | KHUNTI | 150000 | 32041.27 | 21.36 |
| 15 | LOHARDAGA | 250000 | 45505.9 | 18.2 |
| 16 | EAST SINGHBHUM | 600000 | 110575.65 | 18.43 |
| 17 | GUMLA | 300000 | 53905.46 | 17.97 |
| 18 | SARAIKELA KHARSAWAN | 300000 | 52846.61 | 17.62 |
| 19 | DUMKA | 300000 | 51988.1 | 17.33 |
| 20 | SAHEBGANJ | 200000 | 33049.68 | 16.52 |
| 21 | PAKUR | 200000 | 26735.39 | 13.37 |
| 22 | SIMDEGA | 200000 | 21158.3 | 10.58 |
| 23 | DHANBAD | 200000 | 20560.39 | 10.28 |
| 24 | WEST SINGHBHUM | 300000 | 23587.51 | 7.86 |
| | **Total** | **6000000** | **1494906.4** | **24.92** |

उक्त के आलोक में निदेश दिया गया कि दिनांक 20.01.2026 तक सभी जिलों के धान अधिप्राप्ति के औसत (24.92 प्रतिशत) से कम धान अधिप्राप्ति करने वाले जिलों यथा– गिरिडीह, गोड्डा, खूँटी, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, गुमला, सरायकेला–खरसावाँ, दुमका, साहेबगंज, पाकुड़, सिमडेगा, धनबाद एवं पश्चिमी सिंहभूम धान अधिप्राप्ति में तेजी लाए।

साथ ही, अधिप्राप्त धान को रखने की व्यवस्था हेतु नियमानुसार वेयर हाउस की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–प्रबंध निदेशक, JSFC एवं सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम)**

2. **अधिप्राप्त धान के अनुपात में CMR प्राप्ति की समीक्षाः–** खरीफ विपणन मौसम 2025–26 में अधिप्राप्त धान के विरूद्ध दिनांक 20.01.2026 तक निम्नानुसार अग्रिम CMR प्राप्त किया गया है :–

| Sl. | District | Procurement Achv. % | Total Paddy Received (In Qtl.) | Expected CMR Against Paddy procured | CMR Qty Received (In Qtl.) | % CMR Supplied by mills |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DHANBAD | 10.28 | 20560.4 | 13981.1 | 9859.83 | 70.52 |
| 2 | DEOGHAR | 25.14 | 75415.1 | 51282.2 | 35943.3 | 70.09 |
| 3 | W. SINGHBHUM | 7.86 | 23587.5 | 16039.5 | 9826.07 | 61.26 |
| 4 | PAKUR | 13.37 | 26735.4 | 18180.1 | 9547.21 | 52.51 |
| 5 | DUMKA | 17.33 | 51988.1 | 35351.9 | 18270 | 51.68 |
| 6 | LOHARDAGA | 18.2 | 45505.9 | 30944 | 15370 | 49.67 |
| 7 | GIRIDIH | 23.24 | 81352.7 | 55319.8 | 27192.3 | 49.15 |
| 8 | GUMLA | 17.97 | 53905.5 | 36655.7 | 17101.6 | 46.65 |
| 9 | JAMTARA | 33.01 | 66020.9 | 44894.2 | 20880 | 46.51 |
| 10 | LATEHAR | 31.39 | 62777.6 | 42688.8 | 17667 | 41.39 |
| 11 | SAHEBGANJ | 16.52 | 33049.7 | 22473.8 | 8672.07 | 38.59 |
| 12 | RANCHI | 36.64 | 128232 | 87197.5 | 33588.5 | 38.52 |
| 13 | HAZARIBAGH | 34.3 | 120062 | 81642.2 | 29790.2 | 36.49 |
| 14 | E. SINGHBHUM | 18.43 | 110576 | 75191.4 | 27210.3 | 36.19 |
| 15 | KHUNTI | 21.36 | 32041.3 | 21788.1 | 7829.7 | 35.94 |
| 16 | GARHWA | 46.48 | 92952.9 | 63208 | 22025.6 | 34.85 |
| 17 | BOKARO | 30.65 | 61293.5 | 41679.6 | 14205.8 | 34.08 |
| 18 | CHATRA | 40.24 | 60365.3 | 41048.4 | 13891.2 | 33.84 |
| 19 | KODERMA | 53.23 | 53226.6 | 36194.1 | 11600 | 32.05 |
| 20 | GODDA | 22.87 | 45744.2 | 31106.1 | 9855.82 | 31.68 |
| 21 | RAMGARH | 38.57 | 77144.6 | 52458.4 | 15317.2 | 29.2 |
| 22 | SARAIKELA | 17.62 | 52846.6 | 35935.7 | 10416.2 | 28.99 |
| 23 | SIMDEGA | 10.58 | 21158.3 | 14387.6 | 4055.22 | 28.19 |
| 24 | PALAMU | 49.18 | 98365 | 66888.2 | 17091 | 25.55 |
| | **Grand Total** | **24.92** | **1494906** | **1016536** | **407206** | **40.06** |

उक्त के आलोक में निदेश दिया गया कि दिनांक 20.01.2026 तक सभी जिलों द्वारा प्राप्त अग्रिम CMR के औसत (40.06 प्रतिशत) से कम CMR प्राप्त करने वाले जिलों यथा– साहेबगंज, राँची, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, खूँटी, गढ़वा, बोकारो, चतरा, कोडरमा, गोड्डा, रामगढ़, सरायकेला–खरसावाँ, सिमडेगा एवं पलामू अग्रिम CMR प्राप्त करने की कार्रवाई में दिनांक 30.01.2026 तक सुधार लाए।

**(अनुपालन–प्रबंध निदेशक, JSFC एवं सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम)**

3. **प्राप्त CMR के अनुपात में राईस मिल में धान भेजे जाने की समीक्षाः**— दिनांक 20.01.2026 तक खरीफ विपणन मौसम 2025–26 में अधिप्राप्त धान के विरूद्ध अधिप्राप्त अग्रिम CMR के आलोक में निम्नानुसार धान राईस मिल को भेजा गया है :—

| Sl No. | District Name | CMR Qty Received (In Qtl.) | Expected paddy supply Qty. against CMR supplied (In Qtl.) | MSP Center Paddy sent to miller (In Qtl.) | % of Paddy sent against CMR received |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LATEHAR | 17667.03 | 25980.93 | 25981.21 | 100 |
| 2 | KODERMA | 11600 | 17058.82 | 17058.8 | 100 |
| 3 | HAZARIBAGH | 29790.15 | 43809.04 | 43808.94 | 100 |
| 4 | JAMTARA | 20880 | 30705.88 | 30704.9 | 100 |
| 5 | SARAIKELA | 10416.2 | 15258.91 | 15216.2 | 99.72 |
| 6 | GODDA | 9855.82 | 14493.85 | 14383.23 | 99.24 |
| 7 | LOHARDAGA | 15370 | 22602.94 | 22176.44 | 98.11 |
| 8 | KHUNTI | 7829.7 | 11514.26 | 11287.8 | 98.03 |
| 9 | SIMDEGA | 4055.22 | 5963.56 | 5763.66 | 96.65 |
| 10 | CHATRA | 13891.21 | 20428.25 | 19576.74 | 95.83 |
| 11 | GARHWA | 22025.58 | 32390.56 | 30261.41 | 93.43 |
| 12 | DEOGHAR | 35943.32 | 52857.82 | 49220.81 | 93.12 |
| 13 | DUMKA | 18270 | 26867.65 | 24735.26 | 92.06 |
| 14 | SAHEBGANJ | 8672.07 | 12753.04 | 11722.92 | 91.92 |
| 15 | RAMGARH | 15317.22 | 22525.32 | 20398.78 | 90.56 |
| 16 | BOKARO | 14205.76 | 20890.82 | 18758.45 | 89.79 |
| 17 | GUMLA | 17101.64 | 25149.47 | 22169.66 | 88.15 |
| 18 | RANCHI | 33588.45 | 49323.13 | 43376.25 | 87.94 |
| 19 | PAKUR | 9547.21 | 14040.01 | 12336.36 | 87.87 |
| 20 | EAST SINGHBHUM | 27210.26 | 40015.09 | 34480.39 | 86.17 |
| 21 | GIRIDIH | 27192.31 | 39976.07 | 32715.2 | 81.84 |
| 22 | WEST SINGHBHUM | 9826.07 | 14450.1 | 11475.82 | 79.42 |
| 23 | PALAMU | 17091 | 25133.82 | 18892.48 | 75.17 |
| 24 | DHANBAD | 9859.83 | 14499.75 | 10235.01 | 70.59 |
| | **Total** | **407206.05** | **598832.43** | **546736.72** | **91.3** |

उक्त के आलोक में निदेश दिया गया कि धान अधिप्राप्ति की अगली समीक्षात्मक बैठक के पूर्व तक सभी जिलों द्वारा प्राप्त अग्रिम CMR 100% प्राप्त किया जाए।

साथ ही, सिमडेगा, दुमका, देवघर एवं पाकुड़ जिलों में जहाँ दिनांक 30.12.2025 को सम्पन्न बैठक की तुलना में दिनांक 20.01.2026 के समीक्षा बैठक में Progress % Negative रहने के कारण उक्त जिलों में अवस्थित अधिप्राप्त धान को सम्बद्ध मिल में भेजे जाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन—प्रबंध निदेशक, JSFC एवं सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी—सह—जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम)**

4. **किसानों के ससमय भुगतान की समीक्षाः**— दिनांक 20.01.2026 तक खरीफ विपणन मौसम 2025–26 में अधिप्राप्त धान के विरूद्ध किसानों को निम्नानुसार राशि का भुगतान किया गया है :—

| Sl. No. | District | Amount payable (In Rs.) | Funds released to the districts (In Rs.) | Amount paid to the farmers (In Rs.) | Funds available in district (In Rs.) | Disbursement Percentage |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JAMTARA | 161751254 | 160658652 | 150580797.5 | 10077854.5 | 93.09 |
| 2 | LATEHAR | 153827258.2 | 152958743 | 142182136.9 | 10776606.1 | 92.43 |
| 3 | SIMDEGA | 51837837.45 | 49623182 | 47613179.95 | 2010002.05 | 91.85 |

| Sl. No. | District | Amount payable (In Rs.) | Funds released to the districts (In Rs.) | Amount paid to the farmers (In Rs.) | Funds available in district (In Rs.) | Disbursement Percentage |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | SAHEBGANJ | 80971720.9 | 73968268.5 | 73158425.9 | 809842.6 | 90.35 |
| 5 | PALAMU | 240994250 | 235020954 | 214551531.8 | 20469422.21 | 89.03 |
| 6 | BOKARO | 150169133.8 | 141792231 | 130788203 | 11004028 | 87.09 |
| 7 | SARAIKELA | 129474194.5 | 125975594.5 | 112584565.7 | 13391028.79 | 86.96 |
| 8 | RAMGARH | 189004368 | 176907787 | 163982812 | 12924975 | 86.76 |
| 9 | HAZARIBAGH | 294151878 | 288961991.5 | 254160069.8 | 34801921.7 | 86.4 |
| 10 | W. SINGHBHUM | 57789394.6 | 50071826 | 49839820.52 | 232005.48 | 86.24 |
| 11 | KODERMA | 130405121 | 121975675.5 | 111106330.6 | 10869344.91 | 85.2 |
| 12 | GARHWA | 227734710.4 | 224738353 | 190259897.1 | 34478455.95 | 83.54 |
| 13 | GIRIDIH | 199314115 | 187920831 | 166487500.6 | 21433330.37 | 83.53 |
| 14 | DHANBAD | 50372955.5 | 42201176.5 | 41270078.5 | 931098 | 81.93 |
| 15 | DUMKA | 127370845 | 111313912.5 | 102861437 | 8452475.5 | 80.76 |
| 16 | KHUNTI | 78501104.15 | 77823637.5 | 59787542.71 | 18036094.79 | 76.16 |
| 17 | RANCHI | 314167444.5 | 299869587.5 | 238364910 | 61504677.5 | 75.87 |
| 18 | GUMLA | 132068377 | 123044390 | 99720510.98 | 23323879.02 | 75.51 |
| 19 | E.SINGHBHUM | 270910345 | 249017926.5 | 202984928 | 46032998.55 | 74.93 |
| 20 | GODDA | 112073363.5 | 103948869.5 | 83781089.8 | 20167779.7 | 74.76 |
| 21 | PAKUR | 65501695.7 | 60898376 | 48521512.89 | 12376863.11 | 74.08 |
| 22 | CHATRA | 147895034 | 135793896 | 101329354 | 34464542 | 68.51 |
| 23 | LOHARDAGA | 111489455 | 108510696 | 63477589 | 45033107 | 56.94 |
| 24 | DEOGHAR | 184766872.5 | 161320397 | 96375896.51 | 64944500.49 | 52.16 |
| **TOTAL** | | **3662542728** | **3464316954** | **2945770121** | **518546833.3** | **80.43** |

दिनांक 30.12.2025 को सम्पन्न बैठक की तुलना में दिनांक 20.01.2026 के समीक्षा बैठक में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के भुगतान की स्थिति संतोषजनक रहने पर विभागीय सचिव द्वारा सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम की प्रशंसा की गई।

(i) चतरा, लोहरदगा एवं देवघर जिले के जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को भुगतान के संबंध में सुधार करने का निदेश दिया गया।

(ii) खरीफ विपणन मौसम 2025–26 में देवघर जिले के धान अधिप्राप्ति योजना के अबतक के सभी भुगतान की सम्पूर्ण विवरणी की जाँच विभागीय KPMG Team द्वारा करते हुए विभाग को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

(iii) सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को धान अधिप्राप्ति योजना से संबंधित राशि समाप्त होने 04–05 दिन पूर्व प्रस्ताव प्रबंध निदेशक, झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड, राँची को कराने का निदेश दिया गया।

(iv) सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम द्वारा किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान में Pick & Choose किसी भी परिस्थिति में नहीं करने का निदेश दिया गया। किसी भी जिले में भुगतान के संबंध में Pick & Choose किए जाने की घटना होने पर सभी संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने का निदेश दिया गया।

(v) खरीफ विपणन मौसम 2025–26 में धान अधिप्राप्ति योजना का अंकेक्षण एक Random Audit Team द्वारा कराई जाएगी। इस संबंध में 10 दिनों के अंदर विभागीय एन०आई०सी० एवं KPMG Team द्वारा इस प्रकार के अंकेक्षण के संबंध में विस्तृत प्रस्ताव विभागीय सचिव के समक्ष प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

(vi) विभागीय संकल्प एवं समय–समय पर विभाग स्तर से दिए गए निदेश के आलोक में किसानों को 07 कार्य दिवस के अंदर न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान किए जाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–प्रबंध निदेशक, JSFC, सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम एन०आई०सी० एवं KPMG Team )**

**5. अन्यान्यः–**

**(i)** बैठक में विभागीय सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि जिन जिलों द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2025–26 हेतु उनके निर्धारित लक्ष्य से कम धान अधिप्राप्ति किया गया है वे दिनांक 30.01.2026 तक अपने लक्ष्य के अनुरूप धान अधिप्राप्ति करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

**(ii)** खरीफ विपणन मौसम 2025–26 हेतु निर्धारित धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य से पीछे नहीं रहना है। जिन जिलों द्वारा उनके निर्धारित लक्ष्य के अनुसार धान अधिप्राप्ति नहीं किया जा रहा है उन जिलों निर्धारित लक्ष्य में कटौती करते हुए ऐसे जिलों के निर्धारित लक्ष्य को बढ़ाए जाने की कार्रवाई की जाएगी जो धान अधिप्राप्ति हेतु सभी निर्धारित मापदण्ड को पूरा करते हों।

साथ ही, उन जिलों के जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी जो अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

**(iii)** पाकुड़, कोडरमा एवं हजारीबाग जिले द्वारा अधिप्राप्त धान के भण्डारण हेतु वेयर हाउस की व्यवस्था की गई है। उन्हीं के अनुरूप अन्य जिलों द्वारा आवश्यकतानुसार अधिप्राप्त धान के भण्डारण हेतु नियमानुसार वेयर हाउस की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।

**(iv)** सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2025–26 हेतु धान अधिप्राप्ति के दौरान अपने जिलान्तर्गत धान अधिप्राप्ति/CMR के भण्डारण स्थल की नियमित जाँच करेंगे, ~~तथा करवाएंगे~~ ताकि ज्ञात हो सके कि अधिप्राप्त धान/CMR सुरक्षित एवं संरक्षित तरीके से भण्डारित हो सके।

**(v)** समीक्षा बैठक के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि कुछ विशेष लैम्पस/पैक्स का Release Order बार बार निर्गत किया जा रहा है जबकि कुछेक लैम्पस/पैक्स का Release Order निर्गत नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि प्रबंध निदेशक, JSFC को इस मामले की जाँच करने का निदेश दिया गया।

**(vi)** जिन जिलों में झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना हेतु लक्ष्य के अनुरूप वांछित CMR प्राप्त नहीं हुई है वे अगली समीक्षा बैठक के पूर्व लक्ष्य के अनुरूप वांछित CMR प्राप्त करने की कार्रवाई करेंगे।

**(vii)** सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम स्वयं एवं अपने पदाधिकारियों/कर्मियों के माध्यम से सम्बद्ध मिल से प्राप्त होने वाले CMR की गुणवत्ता की नियमित जाँच करेंगे तथा विभागीय पत्रांक–130, दिनांक 15.01.2026 द्वारा दिए गए दिशा निदेश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

(viii) सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम स्वयं एवं अपने पदाधिकारियों / कर्मियों के माध्यम से झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से संबंधित CMR की गुणवत्ता का लगातार निरीक्षण करेंगे तथा निर्धारित ~~दिशा निदेश~~ मानक का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(ix) सम्बद्ध राईस मिल में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी विभागीय पत्रांक–3015, दिनांक 18.11.2025 द्वारा दिए गए दिशा निदेश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन–प्रबंध निदेशक, JSFC, वरिष्ठ निदेशक (आई०टी०), एन०आई०सी० / KPMG Team, सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम / राईस मिल में प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी)**

धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक समाप्त की गई।

22/01/26

**(संजय कुमार)**
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक :– 05 / धान अधि० यो० / 06 / 2024–206 / राँची / दिनांक 22/01/2026

प्रतिलिपि :– प्रबंध निदेशक, झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड, राँची / सभी उपायुक्त, झारखण्ड / वरिष्ठ निदेशक (आई०टी०), एन०आई०सी०, राँची / सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी–सह–जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, झारखण्ड / Team KPMG को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/01/26

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक :– 05 / धान अधि० यो० / 06 / 2024–206 / राँची / दिनांक 22/01/2026

प्रतिलिपि :– विभागीय सचिव के प्रधान आप्त सचिव / संयुक्त सचिव कोषांग को सूचनार्थ प्रेषित।

22/01/26

सरकार के अवर सचिव।

d:\vikash pc\vikash kumar-2025-26\roshan jee\proceeding\proceeding 20.01.2026.doc